Literacy for a Billion

Movie: Muqaddar Ka Sikandar
Year: 1978

Song: Salame Ishq Mere Ja
Lyricist: Anjaan

इश्क़ वालों से न पूछो
कि उनकी रात का आलम
तनहा कैसे गुज़रता है
जुदा हो हमसफ़र जिसका
वो उसको याद करता है
न हो जिसका कोई वो
मिलने की फ़रियाद करता है
सलामे इश्क़ मेरी जाँ
ज़रा कुबूल कर लो
सलामे इश्क़ मेरी जाँ
ज़रा कुबूल कर लो
तुम हमसे प्यार करने की
ज़रा सी भूल कर लो

मेरा दिल बेचैन है
मेरा दिल बेचैन है
हमसफ़र के लिए
मेरा दिल बेचैन है
हमसफ़र के लिए

सलामे इश्क़ मेरी जाँ
ज़रा कुबूल कर लो
तुम हमसे प्यार करने की
ज़रा सी भूल कर लो

मेरा दिल बेचैन है
हमसफ़र के लिए
मेरा दिल बेचैन है

हमसफ़र के लिए
सलामे इश्क़ मेरी जाँ
ज़रा कुबूल कर लो

मैं सुनाऊँ तुम्हें
बात इक रात की
मैं सुनाऊँ तुम्हें
बात इक रात की
चाँद भी अपनी
पूरी जवानी पे था
दिल में तूफ़ान था
एक अरमान था
दिल का तूफ़ान
अपनी रवानी पे था
एक बादल उधर से
चला झूमके
एक बादल उधर से
चला झूमके
देखते देखते
चाँद पर छा गया
चाँद भी खो गया
उसकी आगोश में
उफ़ ये क्या हो गया
जोश ही जोश में

मेरा दिल धड़का
मेरा दिल तड़पा
किसीकी नज़र के लिए

मेरा दिल तड़पा
किसीकी नज़र के लिए

सलामे इश्क़ मेरी जाँ
ज़रा क़ुबूल कर लो

आ ...
इसके आगे की अब
दास्ताँ मुझसे सुन
सुनके तेरी नज़र
डबडबा जाएगी
बात दिल की
जो अब तक
तेरे दिल में थी
मेरा दावा है
होंठों पे आ जाएगी
तू मसीहा मोहब्बत के
मारों का है
मसीहा ...
मसीहा मोहब्बत के
मारों का है
तू मसीहा मोहब्बत के
मारों का है
हम तेरा नाम सुनके
चले आए हैं
अब दवा दे हमें
या तू दे दे ज़हर

तेरी महफ़िल में ये
दिलजले आए हैं
एक एहसान कर
एहसान कर
एक एहसान कर
अपने मेहमान पर
अपने मेहमान पर
एक एहसान कर

दे दुआएँ दे दुआएँ
तुझे उम्र भर के लिए
दे दुआएँ
तुझे उम्र भर के लिए

सलामे इश्क़ मेरी जाँ
ज़रा क़ुबूल कर लो
तुम हमसे प्यार करने की
ज़रा सी भूल कर लो

मेरा दिल बेचैन है
हमसफ़र के लिए
मेरा दिल बेचैन है
हमसफ़र के लिए

सलामे इश्क़ मेरी जाँ
ज़रा क़ुबूल कर लो

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.